<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय द्वारा एक–दिवसीय शिविर का आयोजन

विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय के कम्यूनिटी सांइस के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन चकफेरी कालोनी में 13 अप्रैल 2022 को किया गया। शिविर का शीर्षक विश्व स्वास्थ्य दिवस था। इसकी शुरूवात 7 अप्रैल 1950 से हुई तब से हर वर्ष 7 अप्रैल को जनसमुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने गृहविज्ञान महाविद्यालय से चकफेरी कालोनी तक रैली निकाली एवं विभिन्न स्वास्थ्य सम्बन्धी नारे लगाकर जनसमुदाय से फास्ट फूड से दूर रहने की अपील की। छात्र–छात्राओं ने लोगों से बीमारियों के निदान हेतु बच्चों के टीकाकरण की भी अपील की। इस कार्यक्रम में हिमानी बिष्ट एवं अंजलि खेतवाल द्वारा ग्रामीण बच्चों को स्वस्थ रहने हेतु योगा सिखाया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना, कार्यक्रम अधिकारी, श्रीमती सोनू रानी द्वारा अच्छे स्वास्थ्य हेतु ताजा एवं पौष्टिक आहार ग्रहण करने एवं समस्त खाद्य समूहों को अपने आहार में सम्मिलित करने, स्वयं एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के अन्त में छात्र–छात्राओं द्वारा पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 115 लोगों ने प्रतिभाग किया।